# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 नवंबर, 2023

अंक : 489


## वेकोलि में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023 का शुभारंभ



अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने दिनांक 23.11.2023 को सुरक्षा ध्वज फहरा कर वेकोलि में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा-2023 का शुभारंभ किया। यह सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 23 नवम्बर से 09 दिसम्बर, 2023 तक मनाया जाएगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएमडी श्री मनोज कुमार ने पखवाड़े के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे कर्मियों में जागरुकता के साथ सहभागिता बढ़ती है। 'सुरक्षा' वेकोलि की प्राथमिकता है एवं सभी को सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने सभी से सुरक्षा मानकों का शत - प्रतिशत पालन करते हुए शून्य दुर्घटना की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया।

उद्घाटन समारोह में निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने सुरक्षा शपथ दिलाई, जिसे टीम वेकोलि के सदस्यों ने दोहराया और सेफ़्टी के सभी मानकों के पालन करने एवं सुरक्षा के अनुशासन को पूर्णतः अंगीकार करने का संकल्प लिया। तत्पूर्वी उपस्थित अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य श्री सी. जे. जोसफ़ तथा महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष एवं कर्मी बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।





## वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड में विक्रेता विकास कार्यक्रम



वेकोलि मुख्यालय में दिनांक 20 एवं 21 नवंबर, 2023 को एमएसएमई-डीएफओ नागपुर एवं डब्ल्यूसीएल के संयुक्त सौजन्य से विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि तथा एमएसएमई के निदेशक श्री पी. एम. पर्लेवार तथा सयुक्त निदेशक डॉ. वी. आर. शिरसाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विदर्भ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन – महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती रश्मि कुलकर्णी तथा दलित इंडियन चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डिक्की) के अध्यक्ष श्री गोपाल वासनिक की विशेष उपस्थिति रही।

उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में सीएमडी श्री मनोज कुमार ने भारत सरकार की 'लोक खरीद नीति' का उल्लेख करते हुए वेकोलि में एमएसई से की जा रही खरीदी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वेकोलि का कुल 79.45% खरीदी, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से की जा रही है। इस में से महिला उद्यमियों से 9.71% खरीदी की जा रही है। जेम पोर्टल पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वेकोलि में इस वित्तीय वर्ष में जेम पोर्टल के माध्यम से 12.11.23 तक कुल 4804.33 करोड़ रुपए की खरीदी की गई है। आगे उन्होंने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से की जा रही खरीदी प्रतिवर्ष बढ़ रही है तथा आगे भी यही क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विक्रेताओं को वेकोलि के साथ जुड़ने का आह्वान किया।

एमएसएमई के निदेशक श्री पी. एम. पर्लेवार ने अपने संबोधन में भारतीय अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की भागीदारी पर विस्तार से बात की। जेम पोर्टल की उपयोगिता बताते हुए उन्होंने विक्रेताओं को बदलते परिपेक्ष्य में गुणात्मक पहलुओं पर अग्रसर रहने को कहा। उन्होंने वेकोलि में 'लोक खरीद नीति' के अनुपालन की सराहना की।

उद्घाटन समारोह में एमएसएमई के संयुक्त निदेशक डॉ. वी. आर. शिरसाट, विदर्भ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन – महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती रश्मि कुलकर्णी तथा दलित इंडियन चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डिक्की) के अध्यक्ष श्री गोपाल वासनिक ने भी संबोधित किया।

विक्रेता विकास कार्यक्रम में वेकोलि की खरीदी प्रक्रिया, कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट, जेम पोर्टल की प्रणाली, वेकोलि स्टोर्स की आवश्यकताएं, पब्लिक प्रोक्योरमेंट पालिसी, आदि के विषय पर सत्रों का समावेश था।





## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार उमरेड क्षेत्र के दौरे पर





अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने दिनांक 23.11.2023 को उमरेड क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने खदानों में वर्तमान कार्य की समीक्षा की तथा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारीयों और ठेकेदारों से संवाद कर समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजना (रैपिड लोडिंग सिस्टम) का निरीक्षण किया एवं परियोजना को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए IPRCL (रेल साइडिंग और लूप डेवेलपर) और RVR (बंकर और साइलो डेवेलपर) से विस्तृत तकनीकी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस परियोजना के समय पर पूर्ण करने की दृष्टि से अनपेक्षित परिस्थितियों के लिए समुचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री एम. डी. साबिर तथा सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव उनके साथ उपस्थित रहे।





## वेकोलि में संविधान दिवस



संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26.11.2023 को वेकोलि मुख्यालय में निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश की प्रगति संविधान द्वारा स्थापित कार्यक्षम व्यवस्था से ही संभव हुई है। उन्होंने संविधान के मूल सिद्धांतों तथा उनकी मानव उन्मुख विकास में भूमिका पर विस्तार से बताया। आगे उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया, जिसे टीम WCL के सदस्यों ने दुहराया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।







## वेकोलि में सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह तथा झंडा दिवस



सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह तथा झंडा दिवस के उपलक्ष में दिनांक 24.11.2023 को टीम वेकोलि के सदस्यों ने निराश्रितों की मदद के लिए उदारतापूर्वक हाथ बढ़ाते हुए दान किया। इस दान का उपयोग राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान द्वारा सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने एवं सांप्रदायिक/आतंकवादी हिंसा के शिकार बच्चों के शारीरिक और मानसिक पुनर्वास व उनके शिक्षा के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।

## वेकोलि के सितारे



'कठोर परिश्रम एवं दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है,' आस्था शर्मा ने कहा। हल ही में आस्था ने यूनाइटेड किंगडम की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ़ साइंस (इंटरनेशनल बिज़नस एवं स्ट्रेटेजी) की उपाधि प्राप्त की है। इस स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में वह अव्वल है तथा उसकी प्रतिभा को देखते हुए लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी ने उसे टीचिंग कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी दी है। शुरू से ही मेधावी छात्रा रही आस्था ने इस के पूर्व एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) में स्नातक किया है। उसे कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजीस में लगभग 3 वर्षों का अनुभव है। आस्था वेकोलि मुख्यालय के वित्त विभाग में पदस्थ श्री अमर शर्मा की सुपुत्री है। वेकोलि परिवार की ओर से आस्था को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए असीम शुभकामनाएँ।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।